हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 गोना से ओडिशा को जोड़ने वाली सड़क जर्जर...



14 बच्चे की प्रथम गुरु होती है मां : दुलेश्वर





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

मांग : ग्रामीणों ने 5 को नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने की दी चेतावनी

# सात साल से क्षतिग्रस्त मैनपुरकला पुल की अब तक मरम्मत नहीं, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुरकला पुल 7 वर्ष पहले बारिश में टूट गया है, लेकिन अब तक न तो इस पुल की मरम्मत की गई और न ही नया पुल निर्माण किया गया। पिछले सात वर्षों से सिर्फ ग्रामीणों को आश्वासन ही मिल रहा है, बारिश प्रारंभ होते ही जान जोखिम में डालकर ग्रामीण 20 फीट गहरे टूट चुके पुल स्थल को पार कर आना- जाना करने मजबूर हो रहे हैं और स्कूली छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से आना- जाना करते है, ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, क्योकि बारिश में अभी से गांव टापू में तब्दील हो गया है। ग्राम मैनपुरकला के ग्रामीणों ने मंगलवार को मैनपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर कहा है कि लगातार पुल निर्माण के लिए ग्राम पंचायत मैनपुरकला कसाबाय, पंडरीपानी के ग्रामीण थक चुके हैं लेकिन अब तक पुल निर्माण नहीं हुआ है। जिसके कारण मजबूरन ग्रामीण 5 जुलाई को नेशनल हाईवे 130 सी में चक्काजाम करेंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

■ बारिश में जान जोखिम में डालकर आवागमन करने ग्रामीण मजबूर

**गांव में नहीं पहुंच पा रहा राशन सामग्री व खाद**

प्रदेश में सत्ता बदल गई लेकिन मैनपुरकला के टूटे पुल की हालत नहीं सुधर पाई जब कि इस टूट चुके पुल के जांच कराने और दोषियो पर कार्यवाही करने सहित नया पुल निर्माण की मांग को लेकर मैनपुर कला सहित 5 ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने जहां कई बार धरना प्रदर्शन और तो और मैनपुर से गरियाबंद तक पदयात्रा कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नया पुल निर्माण की मांग कर थक चुके हैं, लेकिन अब तक नया पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, लगभग 20 फीट गहरे गढ्ढे को पार कर पांच ग्रामों के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीणों को प्रतिदिन आना- जाना करना पड़ता है, और तो और इन दिनों खेती किसानी का कार्य प्रारंभ हो चुका है गांवों तक सायकल, मोटर सायकल और ट्रैक्टर के माध्यम से न तो राशन सामग्री पहुंच पा रही है और न ही खाद बीज जिसके चलते ग्रामीण बेहद परेशान है। बारिश के साथ ही मैनपुरकला सहित इस क्षेत्र के पांच ग्रामों का टापू में तब्दील हो जाता है और यहां के ग्रामीणों को भारी संकटों से गुजरना पड़ता है। खासकर गर्भवती माताओं, बीमार लोगों को अस्पताल तक लाना बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ता है और बारिश के दिनों में हल्की बारिश में फिसलन बढ़ जाने के कारण इस टूटे पुल को पैदल पार करते समय कई बार ग्रामीण दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं।



**ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

ग्राम पंचायत मैनपुरकला के संरपंच कमला नागेश, तनवीर ठाकुर, महेन्द्र नागेश, दुलेन्द्र नेगी, देवीसिंह कमलेश, हेमलाल नागेश, भगवानी ध्रुव, भुनेश्वर नागेश, कुंदन नेगी, राधे सोनवानी, सज्जन देवंशी, टीकम यादव, ईश्वरी ध्रुव, सोनू यादव, जीतु कश्यप सहित ग्रामीणों ने बताया कि 07 वर्ष हो गया है पुल को टूटकर बहे, लेकिन अब तक नया पुल निर्माण तो बहुत दूर मरम्मत भी नहीं किया जा सका है। कई बार लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के अधिकारियों से मांग कर थक चुके हैं अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। छोटे-छोटे बच्चों इस टूट चुके पुल को पार कर पढ़ाई करने मैनपुर जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया मंगलवार को मैनपुर पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया है। ग्रामीणों द्वारा नया पुल निर्माण की मांग को लेकर 5 जून को नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।

## अज्ञात लोगों ने तीन युवकों पर किया चाकू से वार, अस्पताल में भर्ती





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र में दिन ब दिन अपराध बढ़ता जा रहा है। दो दिन पहले शहर के दो युवक अपने मित्र को बाईक में बिठाकर उमरपोटी गांव छोड़ने जा रहे थे। नवापारा से कुछ ही दूर छांटा मार्ग पर दो बाईक में सवार छः लोग लहराते हुए चला रहे थे। इतने में नवापारा के युवकों ने उन्हें सिर्फ इतना ही कहा कि देखकर क्यों नहीं चलते भाई? सिर्फ यही बात उन लोगों को बुरा लग गया। और चाकु से मारकर युवक को घायल कर दिया। घायल युवक सुरेश गिलहरे निवासी नवापारा सतनामी पारा ने थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 304 ए 379 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पेट्रोलिंग गाड़ी को संबंधित दिशा में रवाना किया। लेकिन उन अज्ञात हमलावरों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना को लेकर नवापारा युवक के परिजनो एवं मुहल्लेवासियो में जमकर आक्रोश व्याप्त है। घायल युवक सुरेश गिलहरे ने बताया कि रविवार शाम को वे अपने बाईक से रिश्तेदार मनोज के साथ दोस्त शिव को उसके घर उमरपोटी छोड़ने ग्राम छांटा मार्ग से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम छांटा के शीतला तालाब के पास परसदा की ओर से 2 बाइक पर ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप




### आत्मानंद उत्कृष्ट शाला में प्रवेश उत्सव आज

**नवापारा-राजिम।** शहर के शासकीय हरिहर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शाला में आज बुधवार को प्रवेश उत्सव, सायकल वितरण का कार्यक्रम विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 12 बजे होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संकुल प्राचार्य संध्या शर्मा ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष उमेश यादव मौजूद रहेंगे।

### जिले में आजीविका ऋण मेला 11 को

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय गरियाबंद के सामुदायिक भवन में 11 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया जायेगा। आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। साथ ⏭ शेष पेज 12 पर

## मानसून की फुहारों के साथ लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भीषण गर्मी के चलते सूनी रहने वाले गरियाबंद की सड़के अब मानसून की फुहारों के साथ गुलजार हो गया है। इसी तरह स्कूलों में छुट्टी समाप्त होने के बाद स्कूली बच्चे भी स्कूल पहुंच रहे हैं।

सप्ताह के पहले दिन सोमवार और मंगलवार को गरियाबंद के सड़कों पर भारी भीड़ देखने को मिला। तिरंगा चौंक और बस स्टैण्ड के पास नेशनल हाईवे में यातायात व्यवस्था कोई कंट्रोल में नहीं है। जिससे इस जगह पर सड़क दुर्घटना की संभावना रहती है। वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक पुलिस गरियाबंद से दूर बारूका और पंटोरा के बीच चलानी कार्यवाही करने में मस्त है। गर्म हवाओं और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को बारिश की बूंदों ने भारी राहत दी है। बारिश होने से मौसम खुशनुमा तो हुआ ही हैं इसके अलावा शासकीय कार्यालय में भी चहल कदमी देखने को मिल रहा है। अंचल में हुई बारिश के बाद गरियाबंद के गलियारों में रौनक लौट आया है। मौसम में हुए बदलाव के साथ यहां के व्यापार व्यवसाय में भी वृद्धि हुई है। भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोग अब घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं स्कूल खुलने से भी रोड रास्ते में भीड़ बढ़ गई हैं। बीते दो माह से नगर के व्यापार व्यवसाय ठप्प पड़ा हुआ था लेकिन अब फिर से पटरी पर लौट आए है।



### पुरस्कारों एवं डाइट मनी के लिए आवेदन 10 तक

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता हैं। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्राफी एवं खेलवृत्ति डाइट मनी प्रदान करने के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण लेख करते हुए 10 जुलाई 2024 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ या जिला ⏭ शेष पेज 12 पर

## पेयजल समस्या : एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर के शिक्षक कॉलोनी में पिछले 06–07 माह से पेयजल सप्लाई नहीं होने से मोहल्ले के लोगों में भारी नराजगी देखने को मिल रही है। शिक्षक कॉलोनी के लोगों ने पेयजल समस्या से ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच एंव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर और समस्या बताकर थक चुके हैं लेकिन समसया के समधान नहीं होने पर सोमवार को मोहल्ले वासियों ने सीधा एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर और पेयजल उपलब्ध कराने की मांग करने लगे मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम द्वारा मोहल्ले के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है, मैनपुर शिक्षक कॉलोनी सहित नगर के कई वार्डो में पिछले 6 से 7 माह से जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जगह- जगह नल जल योजना के पाइप लाइन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं मैनपुर ओवरहेड टैंक पानी टंकी को पानी भरने वाला मोटर पंप खराब होकर धस गया है।



शिक्षक कालोनी से एसडीएम कार्यालय पहुंचे श्रीमती वीणा भोसले, केशर चेलक, राधा रोशन साहू, सुशमा दास, सीमा दास, रोली शर्मा, चन्द्रकुला नेताम, मंजु वर्मा, शशि साहू, भारती दीवान ने बताया कि पिछले 06 माह से मोहल्ले में पेयजल की सप्लाई नही हो रही है कई बार मांग कर थक चुके है लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है मोहल्ले के लोगो एंव महिलाओं ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि जब तक पंचायत का मोटर पम्प नही सुधार किया जाता तब तक सामुदायिक भवन स्थित बोर से शिक्षक कॉलोनी मोहल्ले में पानी की सप्लाई किया जाये।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छूईहा बेलर

फिगेंश्वर थाना अन्तर्गत बेलर क्षेत्र से प्रार्थी ने 8 मई को फिगेंश्वर थाना पहुंचकर शिकायत की मेरी भांजी 13 साल की अचानक घर से चली गई है। अनेक रिश्तेदारों से पता किया नहीं मिला। फिगेंश्वर थाना प्रभारी ने मामला गंभीरता से लिया और गुम इंसान को जांच में लिया गया। इस बीच पुलिस खोज बीन से संदेही पर नजर रखे थे। थाना प्रभारी की सुझबुझ और उनके निर्देश पर आरोपी पवन रात्रे 24 वर्ष के कब्जे से ग्राम मड़वाडीह से 30 जून को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 363,366,376(2)द भादवि0 4,6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अधिकारी चिंता राम देशमुख ने कहा कि बेलर क्षेत्र के प्रार्थी के शिकायत पर नाबालिक गुमशुदगी की तलाश किया जा रहा था। खोजबीन में नाबालिग की अपहरण, बलात्कार, बहला फुसलाकर शादी करूंगा कह शारीरीक संबंध बनाता रहा के आरोप में पवन रात्रे उम्र 24 वर्ष मडवाडिही को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां उनके निर्देश पर 15 जुलाई तक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। इससे पहले आरोपी का मेडिकल टेस्ट कराया गया है। वहीं नाबालिग बालिका को महिला पुलिस अधिकारी विवेचक निरीक्षक गुनेश्वरी नरेटीके संरक्षण में कथन, इलाज मुलायजा कराया गया।



## ट्रांसफार्मर के खुले बाक्स से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छूईहा बेलर

ग्राम कुण्डेल के मुस्लिम एवं सतनामी पारा दूसरा तालाब किनारे कि ट्रांसफार्मर के खुले बाक्स लोगों के लिए आफत बन सकते हैं। बोर्ड न तो तारों को बदल रहा है और न ही ट्रांसफार्मरों की सुरक्षित रखने करने के लिए कोई कदम उठा रहा है। मौके का मुआयना किया तो कई जगह लोगों में रोष दिखा। कई स्थानों पर बिजली के खंभे से घर तक पहुंचे सर्विस कनेक्शन जर्जर नजर आए। इन पर लटकती तारें दुकानों व मकानों के ऊपर से गुजर रही हैं। कहीं तारों को टेप लगाकर काम चलाया जा रहा है। गांव के बीच तंग मकानों के साथ सटी तारों के कारण अकसर हादसे की संभावना बनी रहती है। हालांकि कौंदकेरा जेई आदित्य वर्मा ने गर्मी में मेंन्टेंश कार्य कराया है। फिर भी आधी- अधूरी हैं।



### जिले के 87 लोगों का हुआ आधार से संबंधित समस्याओं का निराकरण

**गरियाबंद।** जिला कार्यालय में आज आधार समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के नागरिकों का आधार संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पूर्व में प्राप्त आवेदनों एवं आधार सेंटरों में लंबित आधार समस्या संबंधी आवेदनों के निराकरण के लिए आवेदकों को संपर्क कर बुलाया गया था। जिला कार्यालय में आयोजित शिविर में ई-जिला प्रबंधक श्री मिथिलेश देवांगन की मौजूदगी में आधार रिजनल ऑफिस हैदराबाद के स्टेट रिप्रजेंटेटिव मैनेजर श्री अनित कुमार तिवारी एवं अस्सिटेंट मैनेजर श्री सौरभ के द्वारा उक्त आवेदकों के आवेदन का परीक्षण कर उनका समाधान एवं आधार नम्बर प्रदान किया गया। जिन आवेदनों में आधार नम्बर जनरेट नहीं हुआ था, उनका उचित मार्गदर्शन करते हुए ⏭ शेष पेज 12 पर

## स्कूल जतन योजना के तहत नहीं हुई छज्जे की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

स्कूल जतन योजना के तहत ग्राम रसेला के प्राथमिक शाला के छत और रसोई कमरे के छत को तोड़कर फिर ढ़लाई किया गया, मगर ठेकेदार द्वारा रसोई कमरा का छज्जा पहले से टूट गया था। जब रसोई कमरा का ढ़लाई हुआ तो इंजिनियर साहब को रसोई कमरा का छज्जा टूटा हुआ नहीं देख पाया। आज काम को पूरा हुए 4 -5 माह हो रहा है, मगर इस ओर आरईएस विभाग ध्यान नहीं दिया गया। ज्ञात हो कि निर्माण व मरम्मत कार्य लिए आरईएस विभाग को जिम्मेदारी दिया गया था, जिसके लिए टेंडर उक्त विभाग के माध्यम से हुआ था। जब बारिश होगी तो खिड़की के तरफ से पानी अंदर जाएगा तथा टूटा छज्जा दुर्घटना को आमंत्रण भी दे रहा है। इस योजना के तहत स्कूलों का मरम्मत सहित विभिन्न कार्य होना था। शासन की योजना पूरी तरह फेल करने में जिम्मेदारों ने कोई कसर नहीं छोड़ा, इसकी तस्वीर आप देख सकते हैं। वहीं विभाग के गैर जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही इस कदर है। इंजिनियर मनीष ध्रुव ने कहा कि ठेकेदार को बनवाने के लिए कह देता हूं।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

## खेल-खेल में माताएं घर में बच्चों को कराएंगी अध्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा एवं जिला नोडल अधिकारी नीता सार्वा की मार्गदर्शन से हमारे फिंगेश्वर विकासखंड में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को लेकर शिक्षिका धनेश्वरी सिन्हा ने जताया आभार।

स्कूली बच्चों की समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की प्राथमिक शालाओं में विगत वर्षों से नवप्रवेशी बच्चों को शाला पूर्व तैयारी एवं माताओं को बच्चों की पढ़ाई में मदद करने हेतु पढ़ाई तिहार का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी पढाई तिहार का आयोजन मंगलवार को किया गया। धनेश्वरी सिन्हा ने बताया कि हमारे फिंगेश्वर विकासखंड में 26 संकुल हैं जिनके सभी नोडलों के द्वारा कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफलता दिलाने में अहम भूमिका रहा।यह कार्यक्रम आने वाले शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सशक्त कराने में महत्वपूर्ण योजना साबित हो रहा है क्योंकि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से माताओं पर आधारित है और माताएं अपने बच्चों को घर में ही खेल–खेल में अध्यापन कराती है।सभी शालाओं में पढ़ाई तिहार का आयोजन कर कार्यक्रम मे शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित किया गया है और बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ है।माता को प्रथम गुरु माना जाता है। इसीलिए माताएं अपने घर में ही बच्चों को विभिन्न सामग्रियों के माध्यम से जोड़ना, घटाना, अभिव्यक्ति कौशल, वर्गीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दे पाएंगे।इसलिए पूरे विकासखंड में यह कार्यक्रम चलाया गया जो शत प्रतिशत सफल रहा। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा में अंगना मे तिहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे प्रधानपाठिका अनिता ठाकुर, ऋचा रात्रे, सुश्री धनेश्वरी सिन्हा, निरूपमा कालू सहित बच्चों की माताएं उपस्थित थी।



शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कई वरिष्ठ सीए का सम्मान

**रायपुर।** नेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर रायपुर ब्रांच ऑफ इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने देश और प्रोफेशन के लिए दी गई सेवाओं लिए वरिष्ठ सीए को सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्ष सीए अमित चिमनानी, संजय बिल्थरे, रवि अग्रवाल, आशुतोष श्रीवास्तव, मदन उपाध्याय, सुरेश अग्रवाल, संजीव राठी,शशिकांत चंद्राकर,दीपिका नतथानी,श्याम सुंदर अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल,विनय पलसानिया, सिद्धार्थ पारख,योगेश पुरोहित जितेंद्र खनूजा,चेतन तारवानी, सुमित बड़वानी, आशीष सेवक,मनमिश राजपाल, रीना जैन सहित वरिष्ठ जन का सम्मान हुआ। सीआईआरसी के पूर्व अध्यक्ष जीएस अग्रवाल व किशोर बरडिया, रायपुर ब्रांच अध्यक्ष धवल शाह, सचिव रश्मि बांगला, मैनेजिंग कमिटी से रवि, ग्वालानी, विकास गोलछा, गोपाल अग्रवाल, रवि जैन माजूद रहे।

### कॅरियर गाइडेंस सेमिनार 7 को

**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा का कॅरियर गाइडेंस सेमीनार और समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 7 जुलाई को दोपहर 3 बजे से प्रेस क्लब सभागार में आयोजित है। कार्यक्रम में डॉ. केपी यादव वाइस चांसलर मैट्स युनिवर्सिटी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देने मौजूद रहेंगे। सेमिनार में सभी हाईस्कूल, हायर सेकंडरी और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं, प्रवेश निशुल्क रखा गया है। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने यह जानकारी दी।

### 35 डॉक्टरों को किया सम्मानित



**रायपुर।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा कोटा रोड स्थित सुयश अस्पताल के संचालक डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. मनोज लाहोटी और नितिन गोयल सहित 35 चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के संयोजक डॉ. निरंजन हरितवाल, संतोष गुप्ता, दीपक सिन्हा, दिवाकर अवस्थी, सुरेश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन

**रायपुर।** वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन छग के तत्वावधान में आयोजित छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप रायपुर में हुई। पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित छग पॉवर लिफ्टिंग की टीम में पुरुष वर्ग में राहुल सारथी, आदिल खान, खीलन सिंह, मोनू गोस्वामी, राजा राजपूत, लखपति सिंदूर, महेश आजाद, शुभम वैष्णव, विनय वैष्णव, दीपेश नायक, जयदीप गुप्ता, कैलाश कुर्रे, रोहित कुमार चौधरी, मुकेश कहार, रूपेंद्र सोनकर, दिनेश कारवा, आयुष शर्मा, अनुराग साहू, कुंदन साहू, दिव्यांश ओझा तथा महिला वर्ग में कमला देवी मंगतानी, शकुंतला सिंह, संजीदा खातून, सलीता पनेडिया, सुमन मरकाम, जया साहू, छग टीम पुरुष वर्ग के मैनेजर प्रदीप क्षत्रिय और महिला वर्ग के कल्याणी महोबिया होंगे।

### झेरिया यादव समाज की बैठक एक जोड़े का आदर्श विवाह



**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित कार्यालय में गत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकारिणी एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार 21 जुलाई को जांजगीर-चांपा में प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध दुष्प्रचार करने वाले अन्य संगठन एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, सामाजिक नियमावली में आंशिक संशोधन एवं एक जोड़े का आदर्श विवाह संपन्न हुआ।

# लापरवाही की भेंट चढ़ा सैकड़ों एपीएल कार्डधारकों का खाद्यान्न, हुआ लैप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों के संचालकों और खाद्य विभाग की लापरवाही के कारण सैकड़ों एपीएल कार्ड धारकों को पिछले माह खाद्यान्न ही नहीं मिल पाया। इसके कारण इन सभी धारकों का खाद्यान्न भी लेप्स हो गया।

बताया गया है कि अप्रैल और मई का एक साथ दो महीने का चावल कार्ड धारकों को देने का आदेश विभाग ने जारी किया था। इस आदेश के तहत सभी कार्ड धारकों को दो महीने का चावल एक साथ दिया गया। इस दौरान कई राशन दुकानदारों ने एपीएल का आबंटन खत्म होने पर उन्हें बीपीएल कोटे का चावल बांट दिया। इसके कारण सिस्टम में जून माह में इन दुकानदारों के ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस दिखाने लगा, जिसके कारण विभाग ने उनका चावल इस शर्त पर आबंटन नहीं किया कि जब तक वे एपीएल कोटे की राशि एक साथ जमा नहीं कराते उनका आबंटन रोका जाए। इसके लिए विभाग ने दुकानदारों को नोटिस भी जारी किया था। इस नोटिस के बाद कुछ को छोड़कर बाकी दुकानदारों ने राशि जमा नहीं कराई, जिसके उन्हें चावल भी आबंटन नहीं किया गया। चावल नहीं मिलने से इन दुकानों में कार्ड धारकों को खाद्यान्न भी नहीं मिला है।

हरिभूमि सरोकार

## सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए इस माह नहीं मिल पाएगा

### अधिकारियों को पता था लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न, फिर भी चुप्पी साधे रहे

जिलेभर में 50 से अधिक दुकानदारों ने एपीएल धारकों को बीपीएल कोटे का चावल बांट दिया है। इन सभी दुकानदारों को विभाग ने नोटिस जारी किया। इस नोटिस के बाद कुछ दुकानदारों ने ही राशि जमा कराई है। विभाग के अधिकारी भलीभाती जानते थे कि दुकानदारों को चावल आबंटन नहीं करने से धारकों को भी नहीं मिल पाएगा, जिससे उनका एक माह का राशन भी लेप्स हो जाएगा। इसके बावजूद विभाग ने धारकों का राशन लेप्स न हो इसके लिए कोई प्रयास नहीं किए।



### दोबारा नोटिस जारी करेंगे

बीपीएल का चावल एपीएल को वितरण करने मामले में दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी अब तक 35 से 40 दुकानदार एपीएल चावल की राशि जमा नहीं की है। इस कारण इन दुकानों को चावल आबंटन नहीं किया, जिससे कई धारकों को चावल लेप्स हुआ है। इस मामले में दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए दोबारा नोटिस जारी करेंगे।

- **भूपेंद्र मिश्रा**, जिला खाद्य नियंत्रक

### चावल के साथ शक्कर से भी हुए वंचित

राशन दुकान में कार्ड धारक को एक साथ चावल और शक्कर वितरित किया जाता है। दुकानों में एपीएल कोटे का चावल नहीं होने के कारण कई धारक शक्कर भी ले नहीं पाए। इसके कारण चावल के साथ शक्कर भी लेप्स हो गई।

### सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए पिछले माह का चावल नहीं मिलेगा

राशन दुकानों में ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से कार्ड धारक को खाद्यान्न मिलता है। अगर कोई धारक किसी कारण से किसी माह राशन दुकान से खाद्यान्न नहीं ले पाता है, तो उसका एक माह का खाद्यान्न लेप्स हो जाता है। इसका कारण ऑनलाइन सिस्टम में ऐसा ऑप्शन ही नहीं दिया गया है, जिससे दुकानदार कार्ड धारक को छूटे माह का राशन दे सके। इसलिए छूटे धारकों को भी पिछले माह का खाद्यान्न चालू माह में नहीं मिल पाएगा।

## तात्यापारा-शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम को अधिकृत करने पर दिया जोर

# तेलीबांधा से टाटीबंध की सड़क होगी चकाचक स्ट्रीट लाइट पर खर्च होंगे 2 करोड़ 64 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा से टाटीबंध तक की सड़क अब दूधिया रोशनी से जगमगाएगी। नगर निगम इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने 2 करोड़ 64 लाख रुपए खर्च करेगा। एमआईसी ने इस मार्ग में प्रकाश व्यवस्था के लिए टेंडर की अनुमति दी है। इसी तरह आक्सीजोन उद्यान का पूर्व मंत्री व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही शहर के घनी आबादी वाले व्यस्तम मार्ग तात्यापारा-शारदा चौक के दोनों तरफ के सड़क चौड़ीकरण के लिए एजेंसी बदलकर नगर निगम को अधिकृत करने पर जोर दिया गया।

गांधी सदन में सोमवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इसमें 10 एजेंडों. पर सदस्यों ने चर्चा कर कर आपसी सहमति के बाद 8 एजेंडे पारित किये, 2 एजेंडे को लंबित रखा गया है। दरअसल, तात्यापारा से शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण का बहुप्रतीक्षित मसला एमआईसी की बैठक में आया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तात्यापारा-शारदाचौक चौड़ीकरण का काम तत्काल शुरू होना आवश्यक है। 500 मीटर के प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर श्री ढेबर ने राजस्व विभाग के अध्यक्ष अंजनी-राधेश्याम विभार की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जिसमें वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा के अलावा इंदिरा गांधी वार्ड पार्षद सुरेश चन्नावार, विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई को इसमें सदस्य के रूप में शामिल किया है। इस समिति की जल्द बैठक होगी।

महापौर एजाज ढेबर ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर बनाई गई समिति बैठक लेकर पुराने दस्तावेज का अध्ययन करेगी। इसमें तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में सड़क चौड़ीकरण किस तरह किया गया, मुआवजा का आधार और इसके माध्यम पर विचार करेगी, क्योंकि उस समय दोगुना मुआवजा का प्रावधान नहीं था, जबकि वर्तमान में शहरी क्षेत्र जमीन के मुआवजा में प्रभावितों को दोगुना मुआवजा का प्रावधान है। श्री ढेबर ने राज्य सरकार से तात्यापारा शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 200 करोड़ दिये जाने की मांग की है।

### पेंशन प्रकरणों को मंजूरी

बैठक में निराश्रित पेंशन योजना से संबंधित 25 पात्र प्रकरणों और राष्ट्रीय परिवार सहायता पेंशन योजना से संबंधित 8 पात्र प्रकरणों को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई।



- एमआईसी की बैठक में 10 एजेंडों पर, चर्चा 8 पारित, 2 प्रस्ताव लंबित

**आक्सीजोन उद्यान तरुण चटर्जी के नाम :** *एमआईसी ने आक्सीजोन का नामकरण पूर्व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पी. जगन्नाथ राव नायडू के नाम पर श्मसानघाट काली मंदिर से मेडिसाइन हास्पीटल तक के मार्ग का नामकरण किये जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए इसे नगर निगम की सामान्य सभा में विचार के लिए रखे जाने के निर्देश दिये।*

### पौधारोपण के लिए सुझाव

महापौर ने जोन कमिश्नरों को सभी पार्षदों की जोन में बैठक लेकर मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान में लगाये गये पौधों की सुरक्षा करने और नये पौधे लगवाने निर्देश दिये। बैठक के दौरान पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष सुरेश चन्नावार ने शहर में अविकसित गार्डन में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ पौधे लगाने के सुझाव दिये। उन्होंने इस बार शहर में 5 से 6 फीट ऊंचाई वाले करीबन 2 हजार पौधों का रोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। एमआईसी की बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, अंजनी-राधेश्याम विभार, सतनाम पनाग, सुरेश चन्नावार, जितेंद्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, सुंदर जोगी,द्रोपती पटेल, सहदेव व्यवहार, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसयूवी कारों के टॉप मॉडल में अब दो माह से कम की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में चारपहिया वाहनों में लंबी वेटिंग का दौर अब लगभग समाप्ति की तरफ है। अब एसयूवी की किसी भी कार के टॉप मॉडल के लिए महज दो माह से भी कम का इंतजार करना पड़ रहा है। बीते दो तीन सालों से कई मॉडलों में एक से डेढ़ साल तक की वेटिंग चल रही थी, लेकिन अब सप्लाई ज्यादा होने के कारण ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। अब मनपसंद मॉडल आसानी से मिल रहे हैं। वैसे जहां तक आन डिमांड का सवाल है, तो 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें वो जरूर आन डिमांड मिल रही हैं।

आजकल जो भी कारें बन रही हैं, वे सब बीएस- 6 बन रही हैं। इसमें हाईटेक फीचर रहते हैं। इनके लिए सेमीकंडक्टर जरूरी होता है।सेमीकंडक्टर का मतलब अर्धचालक होता है और इसका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने में किया जाता है। मौजूदा समय में जितनी भी कारें बाजार में आ रही हैं, उन सभी में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल किया जाता है। इनका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इनके बगैर मौजूदा कारों की कल्पना करना बेकार है, क्योंकि ये न हों तो कार में हाईटेक फीचर्स का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कारों को चलता-फिरता कंप्यूटर बनाने में सेमीकंडक्टर की अहम भूमिका है। इसकी कमी के चलते ही पिछले दो-तीन साल से कारों की सप्लाई प्रभावित रही है। लेकिन अब सप्लाई तो सामान्य हो गई है, लेकिन अब डिमांड ज्यादा हो गई है।



- 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें मिल रहीं आन डिमांड

### एसयूवी का क्रेज ज्यादा

बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं जो एसयूवी टाइप की गाड़ियां बनाती हैं। इस गाड़ी को बनाने का मकसद यह है कि यह किसी भी परिस्थिति में और कहीं पर भी चलाई जा सकती है।

### अब वेटिंग कम

कारों में अब वेटिंग बहुत कम हो गई है। कोई भी मॉडल डेढ़ से दो माह के अंदर मिल जा रहा है।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, राजधानी ऑटोमोबाइल एसोसिएशन

- जिले में दो निगम व एक नगर पंचायत, इनके पास पशुओं का हिसाब नहीं, सड़क पर मवेशी

# संसाधन व सुविधा के बाद भी रायपुर निगम का प्रयोग फेल, बिरगांव में जगह तो माना में काऊकैचर ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में दो निगम व एक नगर पंचायत इसलिए बनाए गए हैं, ताकि 16 लाख से ज्यादा लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए काम किया जा सके। रायपुर निगम के पास सुविधा व संसाधन होने के बाद भी 15 साल में मवेशी सड़क पर न आने पाएं।

पशु पालन आबादी के बाहर करने का दावा और प्रयोग भी फेल हैं। वहीं बिरगांव निगम के पास दबोचे गए मवेशियों को रखने के लिए जगह नहीं है। एक ही काउ केचर गाड़ी होने से कार्रवाई भी बेअसर है। माना नगर पंचायत के पास तो सुविधा व संसाधन का भी अभाव है। राजधानी की सड़कों, पॉश कॉलोनियों ही नहीं बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम व माना नगर पंचायत क्षेत्र में तो इससे भी बुराहाल है। इसकी वजह जांचने के लिए पड़ताल में पता चला कि किसी भी निगम व नगर पंचायत के पास उनके क्षेत्र में कितने पशु पालक और उनके पास कितने मवेशी हैं, इसका भी कोई हिसाब नहीं है। यदा-कदा की जाने वाली कार्रवाई भी बेअसर है। इसका खामियाजा वार्ड की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पर घूमने वाले सांड कहीं और कभी भी आपस में भिंड जाते हैं। इससे मुख्य मार्ग से आने- जाने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

### 15 साल में फ्लाप यह प्लान

- मवेशी पालकों की गणना व उनके पास मवेशियों का संख्या को वार्डवार एकजाई करना, दो साल में जुटाया 15 सौ से ज्यादा मवेशियों पर कार्रवाई व एक लाख से ज्यादा जुर्माना वसूलने का रिकार्ड।
- शहर के चार कोने में इतने ही गोकुल नगर बसाने व वहां पशुओ का विस्थापन, एक ही गोकुल नगर बना पाए और वहां करीब 170 पशु पालकों को दिया जगह, बचे हुए लोगों को सिर्फ नोटिस दे रहे।
- पकड़े गए पशुओं को छुड़ाने के लिए पहुंचने वाले पशु पालकों के आधार नंबर सहित डाटा तैयार करने की मुहिम फाइलों में सिमट गई। गाय, बैल व सांड के कान में नंबरिंग भी नहीं करवा पाए।



**निगम हर जोन में काऊकैचर :** *शहर सरकार द्वारा लोगों को घूमंतु मवेशियों व सांड से बचाव के लिए निगम के सभी जोन में मिलाकर 10 काउ केचर के साथ प्रत्येक गाड़ी के लिए 4-4 कर्मचारियों की टीम है। पकड़े गए मवेशियों को रखने के लिए चार काजी हाउस में से अभी सिर्फ लाखेनगर में ही संचालन हो रहा है। इसके अलावा जोन 05,06, 08 और 09 में गौठान का भी संचालन किया जा रहा है। इसके बाद भी घूमंतु मवेशी व सांड दिन व रात में आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।*

### जोन को कार्रवाई करने निर्देश

सड़क पर आने वाले घूमंतु मवेशियों की रोकथाम के लिए सभी जोन की टीम को निर्देश दिया है। व्यवस्था बहाली के लिए प्रयोग होते हैं। पशु पालकों के विरोध की वजह से उन्हें आबादी से नहीं हटा पाए हैं।

- **आरके डोंगरे**, उपायुक्त, राजस्व विभाग, नगर निगम, रायपुर

### जल्द शुरू करवाएंगे अभियान

आबादी के बीच घूमंतु मवेशियों की वजह से जो दिक्कतें हो रही हैं। उसे संज्ञान में लेते हुए काउ केचर ट्राली खरीदी गई है। ट्रेक्टर भी जल्द खरीदा जाएगा। इसके बाद समस्या से राहत देने अभियान चलाएंगे।

- **संजय यादव**, अध्यक्ष, नगर पंचायत, माना

### चलाएंगे अभियान, बनाएंगे व्यवस्था

मवेशियों व सांड की शिकायत मिल रही है। जल्द ही अभियान चलवाया जाएगा। साथ ही पशु पालकों को हिदायत भी देंगे। पकड़े गए मवेशी रखने के लिए जल्द ही स्थाई व्यवस्था भी बनाई जाएगी।

- **नंदलाल देवांगन**, महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### सेंट पॉल्स स्कूल में 1973 बैच का मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित सेंट पॉल्स स्कूल में सोमवार को सेंट पॉल्स स्कूल 1973 बैच का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य जयवंत मसीह ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि, शिक्षक डेविड का स्वागत किया। इसी दौरान समारोह के संयोजक निरंजन सिंह यादव ने बताया कि सन 1967 में एंट्रेंस एग्जाम देकर सेंटपॉल्स स्कूल में भर्ती होने की याद को जीवंत रखने तथा छात्र जीवन को फिर से जीने की चाहत लिए यह कार्यक्रम में किया गया।

### वाहन किराए पर लेने पर प्रतिबंध में मिली छूट

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा शासकीय अधिकारियों के लिए किराए पर वाहन लेने पर प्रतिबंध लागू किया गया है। यह प्रतिबंध इसी साल मई से लागू है, लेकिन अब राज्य सरकार ने इस प्रतिबंध में कुछ छूट का आदेश भी जारी किया है। इस संबंध में शासन के सभी विभागो, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों को इस निर्णय से अवगत कराया गया है। इस संबंध में अब सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नक्सल विरोधी कार्य एवं वीआईपी सुरक्षा के लिए वाहनों को किराए पर लेने के लिए पुलिस महानिदेशक, एवं जिला कलेक्टर को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

### अस्पताल के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का लाभ देने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुसार श्रम सम्मान राशि का लाभ देने की मांग की गई है। इसके साथ ठेका कर्मियों को कलेक्टर दर पर भुगतान सहित 19 सूत्रीय मांगों पर चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है।

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एसएस सोनी के नेतृत्व में आंबेडकर अस्पताल के कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम से मुलाकात की। उन्होंने मांग की है कि अस्पताल में चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की संख्या सात सौ बिस्तर के सेटअप के आधार पर है, जबकि यहां की क्षमता 14 सौ बेड की हो चुकी है। तमाम अड़चनों को दूर कर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि ठेका एजेंसी कर्मचारियों को विभिन्न तरह से प्रताड़ित करती है। वर्दी देने के बदले उनके वेतन से राशि काट ली जाती है।

## मानसून सक्रिय, किसान फसलों की बोआई में जुटे

# 7 लाख हेक्टेयर में बोनी, धान की खुर्रा बोआई कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 7 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की खरीफ फसलों की बोआई की जा चुकी है। इन फसलों में धान की खुर्रा बोनी लगभग 5.70 लाख हेक्टेयर और मोटे अनाज, गन्ना और अन्य फसल शामिल हैं। जून में पिछले साल के मुकाबले कम बारिश होने की वजह से कई इलाकों में बोनी पिछड़ गई है। जून के अंतिम सप्ताह में बारिश होने से अब पूरे प्रदेश में किसान खेतों में बोनी करने में जुट गए हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना देखते हुए किसानों ने अपने खेतों को तैयार कर बोनी करने में लगे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ



सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर में फसल की बुआई की होगी, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 35 हजार हेक्टेयर बढ़ी है। जिन फसलों का रकबा पिछले सीजन के मुकाबले बढ़ा है, उनमें मोटे अनाज का रकबा 3.65 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले साल के मुकाबले यह 30 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। वहीं दलहन की फसल इस साल 2.89 लाख हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य है। यह पिछले साल के मुकाबले 14 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा है। अन्य फसलों के रकबे में 8 हजार हेक्टेयर की कमी आई है। वहीं गन्ना फसल में कमी आई है। पिछले साल किसानों ने 15.28 हजार हेक्टेयर में गन्ना बोया था, जो इस साल घटकर 14.80 हजार हेक्टेयर हो गया है।

### धान की बोनी का रकबा घटा

खरीफ सीजन की फसलों की बोनी शुरू हो गई है। इस बार खरीफ बुआई वाली अरहर, उड़द और मूंग जैसी दालों का रकबा बढ़ने का अनुमान है। अच्छे मानसून की संभावना ने किसानों का दालों के उत्पादन की ओर ध्यान खींचा है। छत्तीसगढ़ में कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बोआई का जो लक्ष्य तय किया है, उनमें धान की फसल 38.65 लाख हेक्टेयर है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 28 हजार हेक्टेयर कम है। उसके स्थान पर मोटे अनाज और दलहन का रकबा इस साल बढ़ा है।

### तिलहन का रकबा बढ़ा

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में बोई जाने वाली तिलहन की फसलों में मूंगफली का रकबा 53.13 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 3 हजार हेक्टेयर से अधिक है। वहीं तिल की फसल कुल 24.94 हजार हेक्टेयर में ली जानी है। इसके रकबे में भी 2 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। सोयाबीन की बोनी का रकबा लगभग 39.02 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। जो पिछले साल के मुकाबले डेढ़ हजार हेक्टयर बढ़ा है। रामतिल का रकबा 44.23 हेक्टेयर तय किया गया है, इसमें 3.23 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

## पेज 11 के शेष...

### अज्ञात लोगों ने ...

सवार 6 युवकों ने उन्हें क्रॉस किया। कुछ दूर आगे जाने के बाद बाइक सवार युवक अचानक वापस मुड़े और उन्हें रोका। उन युवकों ने सुरेश, मनोज और शिव के साथ विवाद करते हुए न केवल मारपीट करने लगे बल्कि इसी दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर सुरेश के पेट पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। बताया कि मारपीट के चलते शिव और मनोज को भी चोटें आई। हमलावरों द्वारा इस तरह के अचानक आक्रामक रवैये को देखकर तीनों युवक भागकर पास हरिलाल के घर में घुस गए, जिसके बाद हमलावर वहाँ से भाग निकले। घटना की सूचना परिवार वालों को दी गई। परिजनों ने घायल तीनों युवकों को नवापारा के सरकारी अस्पताल में उनका इलाज कराया।

### पुरस्कारों एवं डाइट...

कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण गरियाबंद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2021- 22 एवं 2022-23 के लिए दिया जायेगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जिले के 87 लोगों...

समाधान बताया गया। ई-जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले से 87 आधार संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका परीक्षण कर तत्काल समाधान किया गया। इनमें बायोमैक्ट्रिक मिसमैच- एक आवेदक का दूसरे आवेदक के आधार में उंगलियों का निशान, जन्म तिथि, नाम, पता, सरनेम, सुधार, आधार गुम जाने की स्थिति में आधार नंबर का पता नही होने सहित अन्य समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया।

### जिले में आजीविका...

ही स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई जायेगी। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आजीविका ऋण मेला में अधिक से अधिक हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप



### सीएम ने चंद्रशेखर को दी जन्मदिन की शुभकामना

**नवापारा-राजिम।** पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थान में श्री साहू का जन्मदिन मनाया गया। नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम डोंगीतराई मोड़ पर नवनिर्मित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्री साहू ने क्षेत्र, के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया। श्री साहू को जन्मदिन की बधाई देने वालो में सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के अलावा राज्य के कई मंत्री, विधायक, नवापारा के युवा नेता किशोर देवांगन, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, नवल साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू शामिल थे।

### नया कानून दंड के बजाय न्याय पर केंद्रित : चंदूलाल

**राजिम।** 1 जुलाई से तीन नया कानून लागू होने पर पूर्व सांसद चंदूलाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाया गया नया कानून दंड के बजाय न्याय पर केंद्रित है। जो 1 जुलाई से लागू हो गई है, तीनो पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, गुलामी की दास्तां कह रही थी, इसके स्थान पर अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रही है जिसका हम स्वागत करते है। ये सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया है, इसके लिए मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। श्री साहू ने आगे कहा कि नए कानून में पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया और राज द्रोह की जगह देश द्रोह अपराध बना है।



**समस्या : 241.66 लाख की लागत से निर्मित सड़क की हालत बद से बदत्तर**

# गोना से ओडिशा को जोड़ने वाली सड़क जर्जर, राहगीर हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क की गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल उठती रही है, यह क्षेत्र आजादी के सात दशक बाद भी पुल, पुलिया सड़क के अभाव में विकास क्रम से पिछड़ गया है, क्षेत्र के गांव में अगर सड़क और पुल पुलिया का निर्माण करवा दिया जाए तो यह क्षेत्र तेजी से विकास के पथ पर बढ़ेगा, मैनपुर विकासखण्ड के संवदेनशील क्षेत्र राजापडाव गौरगांव के गोना से गरीबा तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 16.30 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण के लिए 3 जनवरी 2017 को 241.66 लाख स्वीकृति प्रदान किया गया और यह निर्माण कार्य लगभग दो वर्ष बाद पूर्ण किया गया। लेकिन यह सड़क पिछले दो वर्षों से जगह- जगह से उखड़कर हजारों स्थानों पर बड़े- बड़े गढ्ढें हो गये हैं, कहीं- कहीं पर सड़क में 2 से 3 फीट गहरे गढ्ढे होने से और बारिश में इन दिनों पानी भर जाने से गढ्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।



### जल्द निर्माण कार्य हो

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने बताया कि कई बार इस सडक की मरम्मत की मांग को लेकर उन्होने स्वंय प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में ज्ञापन सौंप चुके हैं। अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया चुका हैं, लेकिन अब तक ध्यान नहीं देना समझ से परे है। आए दिनों इस सड़क में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जल्द सड़क निर्माण कार्य होना चाहिए।

### अक्टूबर में कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद

सड़क नवनीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। संभवतः जुलाई में टेंडर लग जायेगा और अक्टुबर में कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद हैं।

-कमलेश चन्द्राकर, एसडीओ

### सैकडों की संख्या में लोग इस मार्ग से करते हैं आवागमन

ज्ञात हो कि यह सड़क नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग, राजापडाव से गोना, मोंगराडीह, भुतबेडा, कुचेंगा, गरीबा सहित 18 से 19 ग्रामों को जोड़ते हुए सीधे ओडिसा को जोड़ता है इस मार्ग से प्रतिदिन सैकडों की संख्या में लोगों का आना -जाना होता है, कई बार ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण की मरम्मत की मांग कर थक चुके है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण कार्य नहीं किया गया है, क्षेत्र के सरपंच अजय नेताम, वरिष्ठ नागरिक दीनाचंद मरकाम, बुधुराम मरकाम, दुर्जन मरकाम, नथेल मरकाम सहित क्षेत्र के लोगो ने बताया कि कई बार सडक निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन अब तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है और न ही प्रधानमंत्री ग्राम सडक विभाग के अधिकारी कर्मचारी कभी ईधर आते भी नही जिसके कारण मरम्मत कार्य भी नही हो पा रहा है, ग्रामीणों ने मांग किया है कि इस सडक का मरम्मत कार्य जल्दी करवाना चाहिए क्योंकि आने वाले बारिश में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा।

## आत्मानंद विद्यालय में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव गरिमामय ढंग से मनाया गया।अतिथि के रूप में खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष, भोले शंकर जाय सवाल सभापति नगर पंचायत, रजनी लहरे पार्षद, मीना चंद्राकर पार्षद एननसी साहू प्राचार्य मंचासीन रहे। सर्वप्रथम परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चनाकर की गई ।पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा 9वीं में नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली पाठ्य पुस्तक उन्हें प्रदान की गई कक्षा दसवी के विद्यार्थियों को भी पाठ्य पुस्तक प्रदान की गई ।अपने उदबोधन में खोमन चंद्राकार ने कहा कि नये विद्यालय एवं नई कक्षा में प्रवेश हेतु सभी विद्यार्थियों का स्वागत है साथ ही अनुशासन में रह के पढ़ाई के महत्व को समझते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने का सुझाव दिये। जीवन में स्कूली पढ़ाई का विशेष महत्व है यहां हमें सहभागिता के साथ रहने की सीख मिलती हैं। भोले शंकर ने इस विद्यालय के विद्यार्थी रहते हुए उसपल को याद किया एवं इस विद्यालय ने उनके जीवन में जो परिवर्तन लाया उस पर गर्व महसूस किया। इससे पूर्व प्राचार्य एनसी साहू ने शाला प्रतिवेदन रखते हुए पिछले शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। विद्यालय की व्यवस्था एवं शिक्षक की कमी को रेखांकित किया। विद्यालय में वर्तमान में 450 से अधिक विद्यार्थी है जिनके लिए अंग्रेजी, हिन्दी, जीवविज्ञान ,इतिहास, अर्थशाय, संस्कृत, राजनीति विज्ञान के साथ साथ खेलकुद के लिए व्यायाम के शिक्षक के नहीं होने की जानकारी दी। कार्यक्रम में कैलाश पटेल, विनोद देवांगन, आनंद प्रकाश ,केशव साहू, टोपेश्वर प्रसाद साहू परम ध्रुव, पूजा मिश्रा, आरती बजारे, गायत्री यदु, अर्चन, मानसिंग मारकंडे, तकेश्वर पाल सहित स्कूल के स्टॉफ, पालकगणएवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



राजिम। भाजयुमो द्वारा राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो नेता नारे लगाते हुए पहुंचे। भाजयुमो ने कहा कि हिंदुओं को उन्होने हिंसक कहा। उनके हिंदु विरोधी मानसिकता को लेकर यह पुतला दहन का आयोजन किया गया। पुतला दहन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रिकेश साहू, जिला महामंत्री दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष मोहनीश सिंह ठाकुर, रवि साहू, तुषार कदम, जितेंद्र पंडरिया, युवराज साहू, राजेश परमार, यश कहार, सोनू यादव, रमेश सिन्हा, जवाहर शर्मा, सिद्धार्थ, यश कहर, शीतल साहू, भूपेंद्र पटेल, मुकेश साहू, मदन निषाद, अजय साहू, बाबला थदानी, राज श्रीवास्तव, टीकम देवगण, राजा निर्मलकर, तोरण साहू, कमल साहू, भूपेंद्र पटेल, लोकेश सोनी, ओंकार साहू, यनशू साहू, कुंदन सेन, प्रकाश साहू, चेमन साहू, वेदप्रकाश साहू शामिल थे।

## नवाडीह स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह(बम्हनी) में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव,सुनील कुमार श्रीवास्तव,प्रभारी प्राचार्य हाई सेकेंडरी कोसमी,पंकज कुमार साहू संकुल समन्वय,सुनीत कुमार लाजिवारे प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला कोसमी, भुवन ठाकुर प्रभारी प्रधान पाठक नवाडीह, तीरथ ठाकुर प्रधान पाठक, शिक्षक शारदा प्रसाद साहू, हीरा लाल, नरेश मंचसीन रहे। जिसमें सर्वप्रथम ज्ञान दायिनी मां शारदे की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।और नवप्रवेश बच्चों को मुंह मीठा करवाया गया। और पाठय पुस्तक वितरण किया गया साथ ही सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ना और प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सदस्य सहित एवं ग्रामीण जन शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं पूरे स्टाफ उपस्थित थे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान, रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में जय मां शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर के जन्मदिन पर नगर के मुक्तिधाम में 60 पौधे रोपे गए।

नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, जय मां शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के आव्हान पर एक एक पेड़ अपने मां के नाम से पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। यहां कुल 70 पौधे लगाए गए।



## खबर संक्षेप



### स्कूल में मां सरस्वती प्रतिमा की प्राण- प्रतिष्ठा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय कन्या हाई स्कूल परसदा खुर्द में सोमवार को मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना का प्राण प्रतिष्ठा पण्डित अजय तिवारी द्वारा मंत्रोच्चारन एवं पूरा विधी विधान से किया गाया। इस कार्यक्रम में सरपंच विष्णु राम नागेश, मोहन नेताम, संतोष पटेल, प्रकाश पटेल, भूखन पटेल, ग्रामवासी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जीपी वर्मा ( डीडीओ ) हाई स्कूल परसदा खुर्द प्राचार्य उत्तम कुर्रे, व्याख्याता गण स्वाति वर्मा परमार, सुनीता ध्रुव, देवराज दीवान, नम्रता निषाद, सविता दीवान, बाबू प्रेमलाल सिन्हा, मदन कन्नौजे सुनील सोनेकर, परमेश्वरी यादव, टमन निर्मलकर, घनश्याम ठाकुर, मिथुन नेताम पंचायत सचिव एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गुलशन पटेल और पूर्व व वर्तमान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना के बाद प्रेमलाल सिन्हा का जन्मदिवस मनाया गया। प्रसाद, खिरपुरी, मिठाई वितरण किया गया।

### कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा की

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित किये जाने वाले कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक 28 जून को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर अग्रवाल द्वारा एजेण्डावार जिले में पंजीकृत एक्टिव एवं इनएक्टिव वीटीपी सहित प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25, पी.एम. विश्वकर्मा वित्तीय वर्ष 2024-25, प्रधानमंत्री जन-मन वित्तीय वर्ष 2024-25, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्राप्त आबंटन, आय-व्यय, वन अधिकार अधिनियम, 2006 अंतर्गत युवाओं का कौशल प्रशिक्षण एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सहायक संचालक-जिला कौशल विकास प्राधिकरण लाईवलीहुड कॉलेज श्रीमती सृष्टि मिश्रा, महाप्रबंधक-उद्योग एवं व्यापार केन्द्र श्री दिनबंधु ध्रुव, श्रम पदाधिकारी-श्रम विभाग श्री ऐलन मिंज, कार्यक्रम अधिकारी-महिला एवं बाल विकास श्री अशोक पाण्डेय, उप संचालक-समाज कल्याण विभाग श्री डीपी ठाकुर, एसडीओ-वन विभाग, टेक्निशन-ग्रामोद्योग विभाग, सीटी मिशन मैनेजर-एनयुएलएम, सहायक संचालक-रेशम विभाग एवं प्रशिक्षण अधिकारी-आईटीआई गरियाबंद आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग के हितग्राही अब एप्प से कर सकेंगे आवेदन

**गरियाबंद।** श्रम पदाधिकारी एलन मिंज ने बताया कि छत्तीसगढ़ असंठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित प्रसुति सहायता योजना अंतर्गत 20 फरवरी 2024 तक एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल (संगठित) संचालित मिनी माता, महतारी जतन योजना अंतर्गत 5 मार्च 2024 तक के ऑनलाईन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की जांच परीक्षण कर पात्रता अनुसार बजट अनुरूप हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि शेष योजना आवेदन में ऑनलाईन दस्तावेज में अभाव अथवा त्रुटि प्रदर्शित होने की स्थिति में ही केवल संबंधित हितग्राहियों से मूल दस्तावेज के साथ च्वाईस सेंटर एवं श्रमेव जयते मोबाईल एप्प के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। दस्तावेज सहित ऑनलाईन आवेदन प्राप्त होने के पश्चात वर्तमान में प्राप्त बजट अनुसार योजना आवेदनों का सूक्ष्मता से जांच परीक्षण तथा लाभान्वित करने के कार्यवाही की जा रही है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्री मिंज ने बताया कि प्रसुति सहायता योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना, उन महिला श्रमिकों के लिए निर्धारित है। जो महिलाएं गर्भवस्था एवं प्रसुति के दौरान मजदूरी पर नहीं जाने की स्थिति में महिला श्रमिकों को उक्त अवधि में मानदेय अप्राप्त होने के कारण उनके 4 या 5 महिने के अप्राप्त मजदूरी के राशि को योजना के माध्यम से प्रतिपूर्ति राशि के रूप में सहायता प्रदान करने के लिए संचालित है।

**कार्यक्रम : शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी के गौरवमंच में पढ़ई तिहार का आयोजन**

# बच्चे की प्रथम गुरु होती है मां : दुलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा खेलसिह नायक के निर्देश पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 4.0 के तहत नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं विद्या प्रारंभ हेतु पढ़ई तिहार का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुलेश्वर सिन्हा संकुल समन्वयक लोहरसी अध्यक्षता वेदलता गोस्वामी उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं विशेष अतिथि के रूप में श्यामगिरी गोस्वामी, थनेश राम साहू, इंद्राणी साहू, मनीषा साहू,लक्ष्मी यादव, तारा साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि दुलेश्वर सिन्हा संकुल समन्वयक लोहरसी ने सम्बोधित करते हुए की माताएं प्रथम गुरू होती है जो हमें ऊंगली पकड़कर चलना एवं बोलना सिखाती है। निश्चित ही ग्राम भेंडरी के माताएं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही जागरूक है जो अन्य विद्यालय के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मा सरस्वती के पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा अंगना म शिक्षा 4.0 कार्यक्रम के महत्व पूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए पढ़ई तिहार मनाने के उद्देश्यों से अवगत कराया।



### 90 दिवसीय स्कूल रेडिनेश विद्या प्रारंभ कार्यक्रम

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के प्रशिक्षक वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा विभिन्न काउंटर के माध्यम से जैसे नामांकन व संकलन, शारिरिक व क्रियात्मक विकास संतुलन बनाकर चलना, पेपर फोल्डिंग बौद्धिक विकास मिलान व रंग पहचान करना, वर्गीकरण व क्रम से लगाना भाषा विकास चित्र वाचन व अक्षर, शब्द, अनुच्छेद पढ़ना, गणित पूर्व तैयारी आकार पहचान व वस्तुओं को गिनना एव बच्चों का कोना रंग भरना, चेहरे का भाव पहचान व लिखना एवं अंगना म शिक्षा से सम्बंधित विभिन्न सपोर्ट कार्ड के माध्यम से बच्चों को खेल- खेल में कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो समझाया और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवप्रवेशी बच्चों के लिए 90 दिवसीय स्कूल रेडिनेश विद्या प्रारंभ कार्यक्रम से पालकों को अवगत कराया गया। ग्राम भेंडरी विद्यालय में शासन से बच्चों के हित चलाये जा रहे सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाय जिसके लिये सभी शिक्षक बधाई के पात्र है। प्राथमिक विद्यालय भेंडरी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है कि प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय मे पढ़ी होनिशा साहू ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ग्राम भेंडरी को गौरवांवित किया।

### लगन व मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाते हैं शिक्षक

कार्यक्रम को वेदलता गोस्वामी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे प्राथमिक विद्यालय मे कार्यरत सभी शिक्षक बहुत ही लगन एव मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाते है। और विभाग के हर योजनाओं को लागू कर बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास करते है। आभार प्रदर्शन शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा किया गया। और उपस्थित समस्त माताओं को आह्वान किया कि अपने बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करते रहे। कार्यक्रम में शिक्षक रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू द्वारा विभिन्न गतिविधियों को क्रियाकलापों के माध्यम से बताया गया। आज के कार्यक्रम में कक्षा पहली में प्रवेश लिए 18 बच्चों के साथ माताओं को सपोर्ट कार्ड से कैसे काम करना है उसे बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सफल बनाने वालों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टामिन साहू, रेखा साहू, बोधेश्वरी ध्रुव माता गण यशोदा साहू, वेदलता गोस्वामी, चित्ररेखा यादव, उर्मिला साहू, डुमेश्वरी साहू, अहिल्या ध्रुव, इंद्राणी साहू, मनीषा साहू, पंचों, भगवती, गोदावरी, कलिन्द्री, भावना, तत्रिवेणी, लता ध्रुव, अनुसूइया, चंपेश्वरी, गोदावरी ध्रुव, ईश्वरी, प्रभा, तारा साहू,थनेश राम, श्यामगिरी गोस्वामी सनत साहू, भावेश यादव, वेदांत सेन, पेशान्त साहू लुप्तांजली गोस्वामी, कुमुद साहू, योगिता साहू, ठामेश्वरी साहू, दिव्या साहू, नव्या, धनालक्ष्मी सहित 96 बच्चे उपस्थित रहे।

## पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा रानीपरतेवा में शासन के आदेशानुसार एवं उच्च अधिकारियों के मार्ग दर्शन में पढ़ई तिहार सह अंगना म शिक्षा और माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें माताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। सर्व प्रथम उपस्थित माताओं द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। राधिका साहू प्रधान पाठक द्वारा एक से नौ तक काउंटर बना कर नाम लिख कर पसपोर्ट कार्ड तैयार कर बच्चों में वितरण किया गया। हेमलता सिन्हा शिक्षिका ने बच्चों एवं माताओं के साथ रसोई में सब्जी बनाई जाने वाली वस्तु का उपयोग कर बच्चों की ज्ञान मे कैसे विकास किया जा सकता हैं। जिसे गतिविधी के माध्यम से कराया गया।जिस के तहत सर्व प्रथम काउंटर नम्बर 02में शारिरिक एवं क्रियात्मक विकास के अंतर्गत बच्चें रस्सी पर संतुलन बना कर चलना कूदना , पेपर फोल्डिंग के साथ विभिन्न प्रकार की कागज की आकृति जैसे नाव , फुल बनाना इत्यादि गतिविधि कराया गया जो बच्चों के पूर्व ज्ञान पर आधारित था। बच्चों के साथ माताओं ने भी पूर्ण सहभागिता के साथ पढ़ई में भाग लिया। साथ ही बौद्धिक विकास के अंतर्गत चित्र मिलान करना रंग पहचान, आकार पहचानना, अंक पहचान, जोड़ घटाव, के साथ सामाजिक एवं भावनात्मक विकास पर कार्य किया गया। बालक और पलकों ने पूर्ण सहभागिता के साथ आनंद पूर्वक कार्य कर अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार को सफल बनाया। देवनारायण यादव शिक्षक ने उपस्थित सभी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेसरी बाई मरकाम रेवती बाई, कला बाई सेन, मलतीबाई दीवान, डोमिन साहू, लक्ष्मी दीवान, गंगा बाई साहू, बुधियारीन निषाद, भगवती निषाद, पार्वती, निषाद, उषा दीवान, कावेरी बाई विश्वकर्मा, चेमन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



# रथ यात्रा की तैयारी के लिए बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इसवर्ष भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की रथयात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस हेतु नगर के समस्त हिन्दू धर्म प्रेमी समस्त युवा, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, मानस परिवार के सदस्य, सेउक समाज के लोगों को दायित्व के साथ अधिक से अधिक शामिल होने हेतु प्रस्ताव बनाया गया है। इस बार रथयात्रा का विशेष आकर्षण उड़ीसा से आने वाले 60 सदस्यीय नर्तक दल रहेंगे जो कि हरिबोल भजन कीर्तन मंडली नरसिंगनाथ से आयेंगे। साथही 10 फीट ऊंची हनुमान जी की विशेष झाँकी का दर्शन का लाभ नगरवासी एवं क्षेत्र के भक्तों को होगा जो रथयात्रा के आगे चलेगी। मानस मंदिर सचिव शीतल ध्रुव ने बताया कि 7 जुलाई दिन रविवार को रथयात्रा का पर्व धूम धाम से दोपहर 2 बजे पूजन अर्चन उपरांत मानस मंदिर से निकलेगी जो पूरे नगर में प्रतिवर्ष की भांति भ्रमण करेगी। दानदाताओं द्वारा महाप्रसाद हेतु मूंग चना, गुड़, शक्कर का दान किया जा रहा है ।आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार शाह ,सचिव बजरंग पांडे, लखन तिवारी, पुजारी यज्ञेश पांडे, धनंजय शुक्ला, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, निखिल साहू, विक्कू चंद्राकर, मोनू सेन, मिथलेश सिन्हा, मोनू दीक्षित, नरेंद्र पटेल, विकास देवांगन, सफर सचदेव, सागर सचदेव, प्रतीक शर्मा, प्रहलाद पटेल, सुनील सचदेव, रजत कुकरेजा, अश्वनी देवांगन, उज्वल जैन, भोला पांडेय, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल ठाकुर, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, ओमप्रकाश यादव एवं हिंदू धर्म प्रेमी, महिला मंडल आदि लगे हुए हैं।

## हिराबतर के प्राइमरी एवं मीडिल स्कूल में शिक्षक उपलब्ध : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विकासखंड के ग्राम हिराबतर के प्राईमरी एवं मीडिल स्कूल में शिक्षक उपलब्धता के सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने बताया कि दोनों स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि हिराबतर में प्राथमिक व माध्यमिक शाला एक ही परिसर में संचालित है, वर्तमान में प्राथमिक शाला की दर्ज संख्या 71 है। जिसमें दोनों शिक्षक कार्यरत है दर्ज के मान से एक शिक्षक का पद रिक्त है, माध्यमिक शाला में दर्ज संख्या 38 जिसमें तीन शिक्षक कार्यरत है दर्ज संख्या के मान से शिक्षक पर्याप्त है। शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण होना है, जिसमें प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की प्रतिपूर्ति किया जायेगा तथा माध्यमिक शाला में प्रधानपाठक पदोन्नित के पश्चात पद पूर्ण हो जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर नेताम को विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा द्वारा जानकारी से अवगत करा दिया गया है। डीईओ ने बताया कि शासन से शिक्षकों की संलग्नीकरण बंद है, जैसे ही युक्तियुक्त के संबंध में शासन से आदेश होगा, वैसे ही दोनों स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से शिक्षक प्रदाय कर दिया जायेगा। वर्तमान में दोनों स्कूलों को एक साथ संचालित करने के लिए प्रधानपाठक को निर्देश दिये है। डीईओ ने बताया कि दोनों संस्था संयुक्त रूप से संचालित कर सरलता से अध्यापन कार्य कराया जा सकता है।

# कानून में हुए संशोधन पारदर्शिता के साथ जनता के हित में : योगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो गए हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिशकाल के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। छह अपराधों में सजा के तौर पर कम्युनिटी सेवा का प्रावधान किया गया है। कानून में हुई संसोधन को लेकर छुरा नगर के थाना परिसर मे कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को नये कानून कि जानकारी दी गई। कार्यकम में नगर के वरिष्ठ नागरिक, महिला स्वसहायता समूह कि महिलाओं के साथ कॉलेज स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती कि छायाचित्र कि पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार योगेंद्र देवांगन ने कहा कि 1 जुलाई से कानून में संसोधन किया गया है, जिसकी जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिये पहले हम अंग्रेजो के समय से बनाये हुए कानून का पालन कर रहे थे लेकिन अब कानून मे बदलाव किया गया है जो काफी पारदर्शिता के साथ जनता के हित में है।कार्यकम मे छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने बताया कि पहले आईपीसी में 500 धाराएं थी जिसे अब कम कर दिया गया है 24 धारा बदली गई है और 2 धारा जोड़ी गई है। पहले महिला संबंधी अपराध में 7 साल तक कि सजा का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अब 10 वर्ष कर दिया गया है इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, चमन साहू, रमेश शर्मा, दिनेश कोठारी, देवसिंह रात्रे, इस्माइल मेमन, सुंदर सरपंच, समाजसेवी शीतल ध्रुव, रोमन ठाकुर कृषि विभाग, पंचराम टंडन पार्षद, लुकेश्वर यादव, आकाश दीक्षित वकील पुनितराम ठाकुर, प्रकाश निर्मलकर परमेश्वर, संतोष सोरी, पत्रकार अनीश सोलंकी उज्जवल जैन, यामिनी चंद्राकर, मेषनंदन पांडेय, कुलेश्वर सिंन्हा, किशन सिंहा, लोवित, माया शर्मा, सावित्री निषाद, प्रभात साहू, यशोदा दीवान भारती, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी, मोहन ठाकुर, एएस आई, यादुराज ठाकुर, एएस आई, धनुष निषाद, प्रधान आरक्षक प्यारेलाल साहु, लक्ष्मण चंद्रवंशी शशि कौशिक, लता पटेल, पार्वती ध्रुवा मिश्रा सहित महिला स्व सहायता समूह स्कूल छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# मिठाई खिलाकर बच्चों को कराया गया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)




छुरा विकास खण्ड के संकुल -खड़मा अन्तर्गत ग्राम मड़ेली स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं न्योता भोज के साथ बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान सभी पालक एवं शाला विकास समिति सदस्य भी शामिल हुए। स्कूली छात्र -छात्राओं के माथे पर तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर प्रवेश कराया गया। बच्चों को पुस्तकें और ड्रेस भी बांटी गई। स्कूल खुलने का उत्साह बच्चों में देखा गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के तत्वावधान में शाला परिसर में नव प्रवेश छात्र - छात्राओं को कक्षा पहली और कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। न्योता भोज तथा प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी ठाकुर सरपंच, अध्यक्षता हेमू राम साहू सेवा निवृत्त प्रधान पाठक, विशेष अतिथि बतौर भिखम ठाकुर उपसरपंच, मनहरन सिन्हा, गोवर्धन ठाकुर, केसर साहू, भंगीराम नेताम लाला यदु, गुलशन मोंगर, भीषम सिन्हा, कन्हैया बेलदार, कल्याण सिंह यदु प्रधान पाठक, चमन लाल साहू शिक्षक, टायल राम पटेल, यशोदा ठाकुर, दशोदा संत बुधाबाई, संत परानाबाई संत सोहद्रा सागर आदि उपस्थित रहे।

# यादव समाज के जिलाध्यक्ष हेमलाल मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



बड़े कोसरिया यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन साई मंदिर प्रांगण में किया गया। इस दौरान बैठक का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पुजा अर्चना कर किया गया, बैठक में सर्व सम्मति से गरियाबंद बडे कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष हेमलाल यादव छुरा पीपरछेड़ी वाले को चुना गया। इस दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हेमलाल यादव ने कहा कि समाज के द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी दिया गया है, उस जिम्मेदारी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और समाज को आगे बढाने के लिए कार्य करूंगा इस दौरान समाज के लोगो ने समाज मे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने चर्चा करते हुए कहा कि समाज के कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे ज्यादा से ज्यादा हमें अपने बच्चों को पढाना है, बैठक में प्रमुख रूप से महासभा अध्यक्ष जयलाल यादव, कांदाडोगर परिक्षेत्र अध्यक्ष जयमल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद यादव जिला से आए हुए सर्कल अध्यक्ष माधो यादव, श्याम लाल यादव, संतराम यादव, हेमकुमार यादव, गुलाब यादव, भोकलु राम यादव, भीखम यादव, लोकसिंह यादव, लोकनाथ यादव, अशोक यादव, भगोली राम यादव, विजेंद्र यादव, रामलाल यादव, सुखदेव यादव, दयाराम यादव, संतु राम यादव, नरसिंह यादव, खामसिंह यादव, गजराज यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महासभा प्रमुख गेंदु यादव ने किया।

**हिंदू समाज पर विवादित बयान को लेकर लोग आक्रोशित**

# विहिप कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोकसभा में हिंदू समाज पर दिए विवादित बयान को लेकर मंगलवार को विहित ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की ओर विवादित बयान के लिए माफी मांगने की मांग की।

सोमवार को संसद में अपने भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि था ही जो लोग अपने आप को हिंदू कहते है वे 24 घंटे हिंसा हिंसा हिंसा, नफरत नफरत नफरत, असत्य असत्य असत्य करते है। राहुल गांधी के इस विवादित बयान से बाद से देश में भाजपा, विहिप सहित कई हिंदू संगठन ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने भी इस पर तत्काल विरोध जताया था। लेकिन अब तक कांग्रेस नेता ने अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगी न ही इसे वापिस लिया। इसके चलते हिंदू संगठनों विशेषकर विहिप में जमकर आक्रोश है। विहिप ने इसके विरोध में आज शाम तिरंगा चौक में राहुल गांधी का पुतला फुंका। जमकर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।





### हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिन का देता है संदेश

इस दौरान विहिप नेता परस राम देवांगन ने कहा कि चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी अपनी मानसिकता को चुके हैं। संसद में वे गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दे रहे हैं। हिंदू समाज को हिंसक कहना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है।

देवांगन ने कहा की हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिन का संदेश देता है, यह समाज आदिकाल से शिक्षा संस्कार और सद्भाव का से प्रवाहक रहा है। केवल तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिंदू समाज को हिंसक कहना कदापि बर्दास्त नही किया जा सकता। विहिप उनके बयान की कड़ी शब्दो में निंदा करती है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी को अपने विवादित बयान के लिए देश से मांफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश निर्मलकर, बेदराम नंदे, अनिल चंद्राकर, वेशनारायण पाण्डेय, रिखीराम यादव, सुरेंद्र सोनटेके, दीनू सिन्हा, अनूप भोंसले, पुष्पक देवांगन, धनंजय नेताम, सुमित पारख, वंश गोपाल सिन्हा, प्रह्लाद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर विधायकों को सौंपा गया ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद एवं ब्लॉक ईकाई महासमुन्द द्वारा पदोन्नति में आरक्षण तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय भर्ती में अनुसूचित जनजाति को आरक्षण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371